बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र सं०-जन संपर्क- 14/2016-   /वि०स० ।

प्रेषक,

सुनील कुमार,
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक, **हिन्दुस्तान,** हिन्दी दैनिक, बिहार, पटना ।
विज्ञापन व्यवस्थापक, **दैनिक जागरण,** हिन्दी दैनिक, बिहार, पटना ।
विज्ञापन व्यवस्थापक, **प्रभात खबर,** हिन्दी दैनिक, बिहार, पटना ।
विज्ञापन व्यवस्थापक, **दि टाईम्स ऑफ इंडिया,** अंग्रेजी दैनिक, बिहार, पटना ।
विज्ञापन व्यवस्थापक, **कौमी तंजीम,** उर्दू दैनिक, बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक-   फरवरी, 2016 ई० ।

विषय:- बिहार विधान सभा सचिवालय के आवश्यक सूचना से संबंधित विज्ञापन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विज्ञापन सामग्री संलग्न करते हुए निदेशानुसार सूचित करना है कि इसे बिहार राज्य से प्रकाशित होने वाले अपने समाचार पत्र के दिनांक- 05 फरवरी, 2016 के अंक में निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रकाशित करने की कृपा करें :-

(1) इस विज्ञापन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित डी०ए०वी०पी० दर से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार सरकार के प्रावधान के तहत भुगतान होगा,

(2) विज्ञापन 12 से०मी० X 12 से०मी० आकार में द्वितीय पृष्ठ या अंतिम पृष्ठ पर प्रकाशित होना चाहिए,

(3) विज्ञापन संलग्न विज्ञापन सामग्री के अनुरूप ही रंगीन रूप में प्रकाशित होना चाहिए,

(4) विज्ञापन प्रकाशन के सात दिनों के अंदर विज्ञापन अंक के साथ विपत्र की तीन प्रतियाँ प्रथम प्रति पर रसीदी टिकट साटकर सभा सचिवालय को शीघ्र निश्चित रूप से भेज दें,

(5) विज्ञापन प्रकाशन के तत्काल बाद विज्ञापन अंक की प्रति सभा सचिवालय को भेज दें,

(6) अपने समाचार पत्र के लिए निर्धारित डी०ए०वी०पी० दर से संबंधित पत्र की प्रति विपत्र में अवश्य संलग्न की जाय ;

(7) किसी अन्य भाषा में प्रकाशन के लिए अधिक मूल्य देय नहीं होगा ।

विश्वासभाजन,
ह०/-
(सुनील कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-जनसंपर्क- 14/2016- 97 / वि०स०, पटना, दिनांक- 04 फरवरी, 2016 ई० ।

प्रति :- अवर सचिव, श्रव्य एवं दृश्य इकाई शाखा, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है कि संलग्न विज्ञापन दिनांक 05 फरवरी, 2016 को बिहार विधान सभा की वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय ।

04.02.16
(सुनील कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा,पटना ।

46

बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा का स्थापना-दिवस समारोह सह बिहार विधान मंडल के माननीय सदस्यों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम दिनांक 07 एवं 08 फरवरी, 2016 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से बिहार विधान सभा उपभवन सभागार में आयोजित किया गया है, जिसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार एवं अध्यक्षता माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा श्री विजय कुमार चौधरी करेंगे। इसमें बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के सभी माननीय सदस्यगण (माननीय मंत्रिगण सहित) सादर आमंत्रित हैं।

बिहार विधान मंडल के सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त दोनों दिनों के कार्यक्रम में निश्चित रूप से भाग लेने की कृपा करें।

राजीव कुमार

प्रभारी सचिव

बिहार विधान सभा, पटना।

Optimized by www.ImageOptimizer.net